Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding Railway projects in Hamirpur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर) : सभापति महोदय, आपका धन्यवाद। महोदय, मैं बहुत महत्वपूर्ण विषय को सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र बुंदेलखंड का हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र है, वह बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। लेकिन मैं भारत सरकार को इस बात के लिए, जो रेलवे के क्षेत्र में काम किया है, जो झांसी से मानिकपुर रेलवे लाइन की डबलिंग की है, इलेक्ट्रिफिकेशन किया है और उसे कानपुर तक किया है। महोबा से खजुराहो की जो रेलवे लाइन है, उसका भी इलेक्ट्रीफिकेशन किया है। मैं आपके माध्यम से सरकार का आभार प्रकट करते हुए यह निवेदन करना चाहता हूं कि भोपाल से लेकर खजुराहो तक एक ट्रेन चलती है, उस ट्रेन को भोपाल से खजुराहो, जोकि विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, उसको महोबा से लेकर कानपुर-लखनऊ होते हुए अयोध्या तक ले जाया जाए।...(व्यवधान) इसी के साथ-साथ हमारे यहां से ई.वी.आर. में जो नई रेलवे लाइन सैंशन हुई है, महोबा से चरखारी-राठ-उरई, जो रेलवे लाइन सीधे भिंड होते हुए इटावा जा रही है, उसके लिए भारत सरकार से निवेदन है कि शीघ्रातिशीघ्र उस पर बजट प्रदान किया जाए और उस कार्य को पूर्ण कराया जाए।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।